भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 19.07.2024

## आरेडिका अस्पताल ने चलाया जन–जागरुकता अभियान

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली की प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन के नेतृत्व में बरसात के मौसम में मच्छरों से फैलने वाले रोगों जैसे– डेंगू, चिकिनगुनिया, मलेरिया आदि के संबंध में लोगों को जागरुक करने के लिए जन जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें वाहनों एवं ई–रिक्शाओं पर बैनर तथा पोस्टर लगाकर लोगों को मच्छरों के न पनपने के लिए विभिन्न सुझाव दिए गए जिससे मच्छरों के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। इन रोगों के बचाव के लिए निम्नलिखित 5 सलाह दी गयी।

1. घर के अन्दर एवं बाहर दोनों जगह पानी को जमा न होने दें।
2. पानी की टंकी को पूरी तरह से ढक कर रखें।
3. कूलर के पानी को जमा न होने दें।
4. फ्रिज के नीचे रखी पानी की ट्रे को रोजाना खाली करें।
5. पालतू जानवरों को जिस वर्तन में पानी देते हैं उसे साफ रखें।

डा0 आभा जैन ने बाताया कि आजकल मच्छरों से फैलने वाले रोगों जैसे– डेंगू, चिकिनगुनिया, मलेरिया आदि के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अतः जन–जागरुकता के माध्यम से हम ऐसे रोगों से अपने और अपने परिवार के लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं। आगे उन्होने बताया कि इस अभियान से आरेडिका एवं आस–पास में रहने वाले लगभग 9–10 हजार लोगों को जागरुक किया गया।

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने अस्पताल प्रशासन के जनजागरूकता अभियान की सराहना की।

इस अवसर पर आरेडिका अस्पताल के सभी डाक्टर और कर्मचारी उपस्थित रहे।

19.7.2024
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी